देव भूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन

108/3 चन्दर नगर, देहरादून
Regt. No: UK06008520220851

पत्रांक संख्या : DVJSCWA/2026-27/001 दिनांक: 01.04.2026

नोटिस / चेतावनी पत्र

सेवा में,
माननीय मुख्यमंत्री जी
उत्तराखंड शासन , देहरादून (उत्तराखंड)

<u>विषय: *जल जीवन मिशन के अंतर्गत ठेकेदारों के साथ हो रहे उत्पीड़न के संबंध में चेतावनी नोटिस*</u>

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम समस्त ठेकेदारगण, जो जल जीवन मिशन – हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं, पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रशासनिक एवं विभागीय उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में हम कई बार शासन, उच्च अधिकारियों एवं मीडिया के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं, किन्तु आज तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई। हमारी प्रमुख समस्याएं निम्नलिखित हैं:

1. कार्यों का समय पर माप (Measurement) न किया जाना।
2. अतिरिक्त मद (Extra Item Variation) का न बनना एवं स्वीकृत न किया जाना।
3. अनुबंध में प्रावधान न होने के बावजूद प्रधान के माध्यम से हर घर जल कार्य करवाने का दबाव।
4. अनुबंध में उल्लेख न होने के बावजूद थर्ड पार्टी FCR का अनावश्यक दबाव।
5. रख-रखाव अवधि पूर्ण होने के बावजूद सुरक्षा धनराशि (Security) का भुगतान न किया जाना।
6. योजना संचालन हेतु दबाव बनाने के लिए ब्लैकलिस्ट करने की धमकी।
7. धन आवंटन में भारी लापरवाही एवं अनावश्यक विलंब।

महोदय,यह भी अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है कि लंबे समय से भुगतान न होने के कारण ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कई ठेकेदारों ने भूमि एवं आभूषण गिरवी रखकर तथा बैंक से ऋण लेकर कार्य पूर्ण किए हैं, परंतु वर्तमान स्थिति में वे ब्याज चुकाने में भी असमर्थ हो चुके हैं।हमें यह जानकारी प्राप्त हुई थी कि केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य को लगभग ₹700 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है, परंतु वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बावजूद यह राशि ठेकेदारों तक नहीं पहुंची है।अतः हम सभी ठेकेदारगण इस पत्र के माध्यम से शासन एवं प्रशासन को *अंतिम चेतावनी* देते हैं कि यदि हमारी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो हम बाध्य होकर निम्नलिखित कदम उठाएंगे:

- दिनांक **06.04.2026 को प्रातः 6:00 बजे से 07.04.2026 को प्रातः 6:00 बजे तक जल आपूर्ति पूर्णतः बंद** रखी जाएगी।
- इस दौरान आम जनता को होने वाली असुविधा की **पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन की होगी।**
- दिनांक **06 अप्रैल 2026 को देहरादून में समस्त ठेकेदार एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।**

यदि इसके पश्चात भी हमारी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो भविष्य में *जल जीवन मिशन* का संचालन पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। अतः आपसे निवेदन है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ठेकेदारों को न्याय प्रदान किया जाए।

भवदीय,

अमित अग्रवाल	सचिन मित्तल	सुनील गुप्ता
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सचिव

देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सदर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
1. माननीय मुख्य मंत्री जी , उत्तराखंड शासन , देहरादून (उत्तराखंड)
2. PD State Water and Sanitation Mission देहरादून (उततराखंड)
3. पेय जल सचिव, उत्तराखंड पेय जल निगम, देहरादून (उत्तराखंड)
4. समस्त जिलाधिकारी, देहरादून (उत्तराखंड)
5. SP सिटी देहरादून (उत्तराखंड) को ६ अप्रैल २०२६ को होने वाले विरोध प्रदर्शन की अग्रिम सूचना हेतु प्रेषित
6. मुख्य अभियंता हेड क्वार्टर देहरादून (उत्तराखंड)
7. मुख्य अभियंता, उत्तराखंड पेय जल निगम गढ़वाल (उत्तराखंड)
8. मुख्य अभियंता उत्तराखंड पेय जल निगम कुमाऊ (उत्तराखंड)
9. मीडिया सेंटर देहरादून (उत्तराखंड)

अमित अग्रवाल (अध्यक्ष) 9897206963, सुनील गुप्ता (महासचिव) 9411100002, सचिन मित्तल/नरेंदर काला (उपाध्यक्ष) 9897099277/9557014255
कपिल गुप्ता (सचिव)7017399224, सौरभ गोयल (कोषाध्यक्ष) 9997121687, रामचंद्र कन्नोजिया (मीडिया प्रभारी) 7900999954, मुबारक अली (लीगल)9719666440
E Mail: jalshakti.uk@gmail .com.